# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बागपत –250609

कार्यालय : फोन– 0121–2220759, सी0यू0जी0 –9473942599 फैक्स–0121–2220759

ई–मेल–upjnrbagpat@upjn.co.in


## नकारात्मक समाचार रिपोर्ट

बागपत अमर उजाला समाचार पत्र में प्रकाशित **"लूम्ब में शुरू नहीं हुए नहीं हुई पेयजल टंकी, गडढे खोदाई कर छोडे"** शीर्षक खबर के संदर्भ में उल्लेखित करना है कि लूम्ब ग्राम की पेयजल योजना का पुर्नगठन जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत किया जा रहा है। योजनान्तर्गत पूर्व निर्मित अवर जलाश्य, पम्पहाउस एवं बाउन्ड्रीवाल के मरम्मत कार्य पूर्ण कर लिए गये है। योजना में प्रस्तावित 20231 मी पाईप लाईन के सापेक्ष 118850 मी0 पाईप लाईन बिछायी जा चुकी है तथा 11850 मी0 पाईप लाईन बिछाने हेतु तोडी गयी सडक का पुर्नस्थापना का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। योजना के कार्य प्रारम्भ की तिथि 02.05.2023 एवं नई टाईम लाईन के अनुसार कार्य पूर्ण करने की तिथि 31.12.2027 निर्धारित है। अवशेष कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने हेतु फर्म को निर्देशित कर दिया गया है। वर्तमान में योजना पर बजट के अभाव के कारण शेष कार्य लम्बित है। अवशेष कार्यो को आवंटन उपरान्त शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जायेगा। योजना से सम्बन्धित कोई भी शिकायत जल सारथी एप या टोल फ्री न0 1800–1212–164 पर की जा सकती है। उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) समस्या के त्वरित निदान हेतु प्रतिबद्ध है।

अधिशासी अभियन्ता